## एक नजर में

### इंद्रगढ़ मारुति आश्रम पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन



**भानपुरा।** दिव्य, अलौकिक धाम इंदरगढ़ मारुति आश्रम भानपुरा पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष की 17 जुलाई को ब्रह्मलीन योगी रामनाथ जी महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल भंडारे , गुरु वाणी एवं भजन संध्या का विशाल आयोजन किया गया जिसमें नगर सहित जिले एवं प्रदेश और अन्य प्रदेशों के श्रद्धालुजन शामिल हुए । अखिल भारतीय संत समिति पुजारी संघ भानपुरा द्वारा इंद्रगढ़ आश्रम पर गरिमामयी समारोह में पूज्य महाराज श्री रामनाथ जी की समाधि पर पुष्प अर्पित किया एवं योगी प्रकाश नाथ महाराज का संघ के पदाधिकारियों और स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। योगी प्रकाश नाथ महाराज का विशेष सम्मान किया गया। अखिल भारतीय संत समिति पुजारी संघ के सदस्यों ने महाराज श्री की धार्मिक एवं सामाजिक सेवाओं की सराहना करते हुए उन्हें पारंपरिक रूप से शाल और श्रीफल ( नारियल ) भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान पुजारी संघ भानपुरा के अध्यक्ष सियाराम शर्मा , उपाध्यक्ष कुंज बिहारी आचार्य, उपाध्यक्ष प्रहलाद दुबे , सचिव देवेंद्र शर्मा , कोषाध्यक्ष कमल खोजी, शानू पाराशर , लोकेश उपाध्याय , जीवराज तिवारी, भेरुलाल पुजारी, रघुनाथ प्रसाद, सत्यनारायण बैरागी, बाबुल्दा बृजमोहन बैरागी, गोपाल गोस्वामी, कमल बैरागी, विशाल पुजारी सहित अन्य समस्त पुजारी उपस्थित रहे।

### चिकित्सा एवं साइबर जागरूकता प्रतियोगिता का आगाज,




**मंदसौर।** जूनियर रेड क्रॉस के तत्वावधान में विकासखंड मंदसौर में आयोजित दो दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण एवं साइबर जागरूकता अभियान का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। प्रतियोगिता में विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया ।कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी टेरेसा मिंज, स्काउट-गाइड जिला आयुक्त अंशुल भाई बैरागी, उत्कर्ष विद्यालय के प्राचार्य के .सी . सोलंकी, जूनियर रेड क्रॉस के जिला संयोजक एन .डी . वैष्णव, जिला सचिव सलमा शाह, विकासखंड प्रभारी मोहम्मद उमर शेख, मांगीलाल गौड़, सह प्रभारी इफ्तखार खान, करण भाटी, अशोक श्रीवास्तव एवं गौतम कुमार आर्य की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस में पेंटिंग, सुंदर लेखन, राष्ट्रीय गीत लेखन, मेमोरी टेस्ट, पत्तियाँ पहचानो तथा छात्राओं के लिए विशेष मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल ने प्रत्येक प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का मूल्यांकन कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए चयन किया। इस अवसर पर संजय प्रधान, धीरज गोस्वामी, रोहित सिंह चौहान, जगदीश पालड़िया, रश्मि जैन, नवलराम माली, आशा माखीजा, रीना श्रीवास्तव, अनीता सिंगार, मोहनलाल दोहरा तथा कैलाश चंद्र सूर्यवंशी सहित अनेक शिक्षकों एवं सहयोगियों ने प्रतियोगिताओं के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा, साइबर सुरक्षा एवं मानवीय सेवा के प्रति जागरूक रहने का संदेश देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व, रचनात्मकता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करती हैं।

## ढाबों की होगी सघन जांच, अवैध गतिविधियां मिलने पर होगी कार्रवाई

### कलेक्टर-एसपी ने नशा मुक्ति अभियान एवं पीएम राहत योजना की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**मंदसौर।** जिले में नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अब हाईवे सहित प्रमुख मार्गों पर संचालित ढाबों की सघन जांच की जाएगी। जांच के दौरान किसी भी प्रकार की गैर कानूनी गतिविधि पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह निर्देश शुक्रवार को सुशासन भवन सभाकक्ष में आयोजित नशा मुक्ति एवं मादक पदार्थ उन्मूलन अभियान तथा पीएम राहत योजना की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना ने दिए। बैठक में जिले में नशे की रोकथाम, सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना पीड़ितों को मिलने वाली सहायता योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने निर्देश दिए कि नशा मुक्ति अभियान को प्रभावी बनाने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं। उन्होंने कहा कि परिवहन व्यवस्था में सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए वाहनों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगे हों तथा परिवहन विभाग द्वारा समय-समय पर औचक निरीक्षण किए जाएं। बैठक में पीएम राहत योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि दुर्घटना में घायल एवं प्रभावित प्रत्येक व्यक्ति की पोर्टल पर अनिवार्य रूप से एंट्री की जाए। साथ ही पीड़ित का मोबाइल नंबर भी दर्ज किया जाए, जिससे योजना का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जा सके। इस दौरान जिले के अधिक दुर्घटना वाले रोड स्पॉट को लेकर भी चर्चा की गई तथा दुर्घटनाओं को कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। बैठक के अवसर पर नशा मुक्ति अभियान से संबंधित जागरूकता पोस्टर का विमोचन भी किया गया ।बैठक में डीएफओ संजय रायखरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बघेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




## जिला कांग्रेस प्रभारी यादव एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुर्जर का कल संगठनात्मक दौरा

**मंदसौर।** जिला कांग्रेस कमेटी मंदसौर के प्रवक्ता प्रवीण मांगरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी श्री सदाशिव यादव एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री महेन्द्र सिंह गुर्जर रविवार को जिले के विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रात: 10:00 बजे सुवासरा में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, जिला मंदसौर द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'सर्वोदय संकल्प शिविर' के समापन समारोह में शामिल होंगे। इसके पश्चात दोपहर 3:00 बजे शामगढ़ ब्लॉक के चंदवासा मंडलम में आयोजित पंचायत कमेटी सत्यापन एवं ब्लॉक स्तरीय संगठनात्मक बैठक में भाग लेकर कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। सायं 4:30 बजे मेलखेड़ा ब्लॉक के जमुनिया मंडलम में आयोजित ग्राम पंचायत कमेटी सत्यापन एवं ब्लॉक स्तरीय संगठनात्मक बैठक में सहभागिता करेंगे। पंचायत कमेटी सत्यापन एवं ब्लॉक स्तरीय संगठनात्मक बैठक में शामिल होकर संगठन को बूथ एवं पंचायत स्तर तक सशक्त बनाने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन देंगे। प्रवक्ता प्रवीण मांगरिया ने बताया कि इस अवसर पर जिला कांग्रेस संगठन महासचिव अजय लोढ़ा, स्थानीय वरिष्ठ नेतागण, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष महेश पाटीदार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष किशोर सिंह पंवार, सुरेश धाकड़, महेश पाटीदार, जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारी, मंडलम अध्यक्ष, , के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

## सरकार की खामियों को भुगत रहे हैं वृद्ध, विधवा और दिव्यांग, खातों में 4 महीने से नहीं आ रही पेंशन

**मंदसौर।** दिव्यांग, वृद्ध, विधवा एवं अनेक प्रकार की पेंशन, जिनका सरकार ने प्रावधान किया है, पिछले 4 महीने से मंदसौर नगर के लगभग 8,000 हितग्राहियों के खाते में नहीं आ रही है। जब ये हितग्राही बैंक में जाते हैं, तो बैंक द्वारा इन्हें नगरपालिका जाने को कह दिया जाता है। लेकिन वहां भी संतोषजनक उत्तर नहीं मिल पाता है। जबकि 'लाडली बहना' की सभी किश्तें समय पर उन्हें प्राप्त हो रही हैं। समाजसेवी पार्षद सुनील बंसल ने यह मुद्दा उठाते हुए एक प्रेस वक्तव्य में बताया कि जब हितग्राही नगर पालिका जाते हैं, तो उन्हें कहा जाता है कि पोर्टल बंद है। तो क्या पिछले 4 महीने से लगातार पोर्टल बंद रह सकता है..? यह भी कहते हैं कि अपडेट होने का काम चल रहा है। हम एक तरफ तो अंतरिक्ष की ऊंचाइयों को पा रहे हैं और गरीब लोगों की पेंशन के पोर्टल को हम 4 महीनों तक अपडेट नहीं कर पा रहे हैं, यह कहां का न्याय है? श्री बंसल ने कहा कि सरकार को चाहिए कि तुरंत प्रभाव से, जो विभिन्न पेंशन धारकों के खाते में 4 महीने से पेंशन नहीं आई है, अतिशीघ्र उनके खाते में डाले। अनेक लोग ऐसे हैं जो पेंशन के सहारे हैं। यह ?600 जो पेंशन आती है, तो वे उसे ही भगवान समझते हैं। अनेक वृद्ध हमेशा आकर अपना दुखड़ा नगर पालिका के कर्मचारियों के आगे, बैंक कर्मचारियों के आगे और जनप्रतिनिधियों के आगे रो रहे हैं।

## रठाना विद्यालय में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास का कार्यक्रम आयोजित

**मंदसौर । शासकीय उ.मा. वि. रठाना में भारतीय भाषा मंच, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के द्वारा 'देश को बदलना है तो शिक्षा को बदलो', 'माँ, मातृभूमि, मातृभाषा का कोई विकल्प नहीं' विषय पर आयोजन सम्पन्न हुआ।**

आयोजन के अतिथि डॉ. प्रेमलता चुटैल मध्य क्षेत्र संयोजक, सेवानिवृत्त प्रोफेसर हिन्दी अध्ययन शाला, डॉ. राम मोहन शुक्ला प्रांत सहसंयोजक उच्च शिक्षा मालवा प्रांत शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन, डॉ. निरज सारवान प्रांत सहसंयोजक शिक्षा संस्कृति उत्थान संस्थान, डॉ. गजराज पंड्या जिला संयोजक भारतीय शिक्षा संस्कृति उत्थान संस्थान, डॉ. निशा महाराणा परामर्शदाता व विषय समिति सदस्य माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल एवम पूर्व प्राचार्य सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय, मंदसौर रहे।

आयोजन का शुभारंभ माँ शारदा के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन द्वारा हुआ। अतिथि परिचय श्री विष्णु सोनी ने कराया, अतिथि स्वागत प्राचार्य श्री अशोक कुमार पाटीदार ने किया। श्री राममोहन शुक्ला ने रठाना विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहाँ का वातावरण पूर्णत: गुरुकुल समान है। शिक्षा व्यक्ति के अंदर निहित क्षमता का विकास करती है। मातृभाषा संचार का श्रेष्ठ माध्यम है। श्री पंड्या ने कहा प्रेम, पवित्रता एवं प्रसन्नता जीवन में रहे तो व्यक्ति कभी दुखी नहीं होगा, आपने आध्यात्मिक शिक्षा पर बल दिया। मुख्य वक्ता डॉ. श्रीमती निशा महाराणा ने कहा घर परिवार की उन्नति में शिक्षा का बहुत महत्व है। व्यक्ति जन्म से मृत्यु तक सीखता है। आपने कहा पौधारोपण, बड़ों का सम्मान, पशु पक्षी की सेवा, साथ ही हनुमान चालिसा के माध्यम से एकाग्रता हेतु श्रेष्ठ माध्यम है। कार्यक्रम का संचालन श्री बालाराम शर्मा ने किया। आभार जयेश नागर ने माना, कार्यक्रम का कवरेज श्री मोहित बैरागी, श्रीमती तेजा सूर्यवंशी ने किया।



## नि :शुल्क पुस्तक वितरण का संकल्प सेवा ,समर्पण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण : सिसोदिया

### नूतन स्कूल में मारवाड़ी युवा मंच द्वारा 150 विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री वितरित

**मंदसौर.** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच शाखा मंदसौर द्वारा पाठ्य सामग्री नोटबुक वितरण का विशाल कार्यक्रम स्थानीय नूतन स्कूल के सभागार में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक सिसोदिया के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। जहां पर मिडिल से हाई स्कूल तक के सभी विद्यार्थियों को 400 से अधिक नोटबुक रजिस्टर वितरित किए गए द्य समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार जोशी, मारवाड़ी मंच के प्रदेश समन्वयक एवं नेशनल मीडिया फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष अग्रवाल, वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष जगदीशचंद्र चौधरी थे द्य अध्यक्षता मारवाड़ी युवा मंच महिला शाखा अध्यक्ष एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष श्रीमती रानी अनिल अग्रवाल ने की द्य समारोह में स्कुल प्राचार्य श्रीमती प्रीति जैन, मारवाड़ी मंच के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजय वर्मा, शाखा अध्यक्ष सौरभ सोमानी, सचिव कुलदीप सोमानी, महिला शाखा सचिव श्रीमती किरण गणेश सोनगरा भी मंचस्थ थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिसोदिया ने कहा कि शिक्षा केवल व्यक्तिगत उन्नति का माध्यम नहीं है बल्कि सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र की आधारशिला है द्य समाज के जरूरतमंद विद्यार्थियों तक मारवाड़ी युवा मंच द्वारा नि:शुल्क पुस्तक पहुंचाने का यह संकल्प सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण है द्य आपने कहा कि आज की संस्कृति में विद्या दान महादान माना गया यह अभियान उसी परंपरा का जीवंत उदाहरण है । सिसोदिया ने कहा कि आज के इस दौर में शिक्षा अति आवश्यक है, बच्चा पढ़ लिख कर आगे बढ़ेगा तभी वह अपना और देश का भविष्य बना पाएगा। बगैर शिक्षा के व्यक्ति का जीवन अधूरा है यदि अपना जीवन अच्छा करना है और भविष्य में आगे बढ़ना है तो बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ाई करना चाहिए। मारवाड़ी मंच द्वारा जो नोटबुक बच्चों के बीच में वितरित की गई है वह सिर्फ एक नोटबुक नहीं है बल्कि बच्चों को मोटिवेशन देने का एक बड़ा माध्यम भी है । उसके साथ-साथ पानी बचाओ , पेड़ लगाओ ,रक्तदान जैसे प्रेरणादाई स्लोगन का उल्लेख किया गया है ताकि आने वाली पीढ़ी इस रजिस्टर में अपने स्कूली ज्ञान लिखने के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढ़ेगी । मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश समन्वयकनरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच के माध्यम से मंदसौर शहर ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्र में अनेक सेवा गतिविधियां संचालित की जा रही है । वरिष्ठ पत्रकार जोशी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जितना अध्ययन किया जाए उतना कम है ,बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले और वह जीवन में आगे बढ़ सके इस हेतु मारवाड़ी युवा मंच ने उन्हें पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराकर एक सेतु का कार्य किया है ।

# नीमच

## एक नजर में

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 20 जुलाई को

**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 20 जुलाई 2026 को दोपहर 12 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित की जाएगी। सर्व संबंधितों से बैठक में समय पर उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

### पशुपालकों को दी जा रही वैज्ञानिक पशुपालन की जानकारी



**नीमच।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाकर पशुपालकों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का तृतीय चरण 13 से 17 जुलाई 2026 तक कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के ऐसे 10,084 लक्षित पशुपालकों, जिनके पास 3 से 4 गौवंशीय अथवा भैंसवंशीय पशु हैं, के घर-घर पहुंचकर विभाग के प्रशिक्षित सर्वेयर एवं भेंटकर्ताओं द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपर्क किया जा रहा है। गृह भेंट के दौरान पशुपालकों को पशु नस्ल सुधार, संतुलित पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य प्रबंधन एवं वैज्ञानिक पशुपालन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है। साथ ही वैज्ञानिक पद्धति से पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए मध्यप्रदेश शासन द्वारा विकसित 'गोरस ऐप' की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है तथा पशुपालन संबंधी चार उपयोगी जागरूकता रील भी उनके मोबाइल पर साझा की जा रही हैं। पशुपालन विभाग के अनुसार 16 जुलाई 2026 तक 3,571 पशुपालकों के यहां गृह भेंट कर अभियान के अंतर्गत निर्धारित गतिविधियां सफलतापूर्वक संपादित की जा चुकी हैं। अभियान की गुणवत्ता एवं प्रगति की सतत निगरानी जिला एवं विकासखंड स्तर पर की जा रही है। इसके साथ ही प्रशासनिक स्तर पर नियमित समीक्षा तथा ऑनलाइन मॉनिटरिंग के माध्यम से अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित किया जा रहा है।

## आपदा प्रबंधन की सफलता का आधार जन-सहयोग और बेहतर लोक प्रबंधन : कलेक्टर

**नीमच। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद पी.जी. महाविद्यालय, नीमच में एक दिवसीय भूकंपपूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम का आयोजन जिला स्तर पर किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया।**

कार्यशाला को संबोधित करते हुए कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने कहा कि प्राकृतिक अथवा मानवजनित आपदाएं कभी भी और बिना पूर्व सूचना के आ सकती हैं। ऐसे में आपदा प्रबंधन में पूर्व तैयारी, त्वरित प्रतिक्रिया, प्रभावी समन्वय और जन-सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन में जन-सहयोग और लोक प्रबंधन प्रशासन की प्राथमिकता है। कलेक्टर श्री चंद्रा ने बताया कि आपदा की स्थिति में आमजन का विश्वास बनाए रखना, घायलों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना, घटनास्थल पर एम्बुलेंस की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करना तथा जेसीबी, ट्रैक्टर सहित स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का अद्यतन डाटाबेस तैयार रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समय पर संसाधनों की उपलब्धता से राहत एवं बचाव कार्य अधिक प्रभावी ढंग से किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यशाला में भूकंप प्रबंधन के साथ-साथ औद्योगिक सुरक्षा एवं औद्योगिक दुर्घटनाओं की रोकथाम से संबंधित विषयों पर भी विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। कलेक्टर ने जिले के औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों से अपने-अपने उद्योगों की सुरक्षा ऑडिट एवं प्रदूषण नियंत्रण ऑडिट समय पर कराने तथा शासन द्वारा निर्धारित सभी सुरक्षा मानकों एवं नियमों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



### सांदीपनी विद्यालय मनासा में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा महोत्सव का तीसरा दिन

**मनासा।** गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा महोत्सव के तीसरे दिन विद्यालय में कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती माता को माल्यार्पण कर सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुआ। आज के मुख्य अतिथि श्री रजनीश जी शर्मा को प्राचार्य श्री बी.एल. बसेर द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट करके स्वागत किया गया। चेतना पाटीदार, अनमोल दमामी, अंकिता खटीक, सीमा रावत, मयंक, हितेश, अनमोल, रचित उपाध्याय, हर्षिता पाटीदार, अक्षरा बैरागी, रंजना, कपिल, वर्षा, जयराज कुशवाह, धनेश्वरी आदि विद्यार्थियों ने भाषण प्रतियोगिता में अपने विचार प्रस्तुत किये। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक श्रीमती स्नेह लता बिश्नोई, श्री अनिल जी शर्मा और श्रीमती ललिता गायरी थे। श्री रघुवीर जी शर्मा ने अपने उद्बोधन में छात्र के जीवन में गुरु के महत्व पर अपने विचार रखे, साथ ही भारतीय परंपरा के आधार पर जीवन जीने का महत्व भी बताया।

## मानसून की लंबी खेंच के बीच किसानों को कृषि विभाग की महत्वपूर्ण सलाह

**नीमच।** जिले में मानसून के आगमन में हुई देरी तथा बारिश की लंबी खेंच (सूखे के अंतराल) को देखते हुए कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा किसानों के लिए समसामयिक तकनीकी सलाह जारी की गई है। उप संचालक कृषि श्री नगीन सिंह रावत ने किसानों से अपील की है कि वे वर्तमान परिस्थितियों में खड़ी फसलों को सुरक्षित रखने तथा भूमि में उपलब्ध नमी का अधिकतम संरक्षण करने के लिए वैज्ञानिक कृषि उपाय तत्काल अपनाएं, जिससे फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव को कम किया जा सके।

उप संचालक कृषि ने बताया कि भूमि की ऊपरी सतह में नमी बनाए रखने के लिए किसान अपने खेतों में शीघ्र निंदाई-गुड़ाई कराएं। इसके साथ ही खेतों में डोरा अथवा कुलपा अवश्य चलाएं। इससे मिट्टी की केशिकाएं (कैपिलरी) टूट जाती हैं और भूमि के भीतर उपलब्ध नमी का वाष्पीकरण कम होता है, जिससे फसल को अधिक समय तक नमी मिलती रहती है।

उन्होंने किसानों को खेतों में उगने वाले खरपतवारों का प्रभावी नियंत्रण करने की भी सलाह दी है। खरपतवार उपलब्ध नमी एवं पोषक तत्वों का अधिक उपयोग करते हैं, जिससे मुख्य फसल प्रभावित होती है। समय पर खरपतवार नियंत्रण करने से फसल को उपलब्ध नमी और पोषक तत्वों का पूरा लाभ मिल सकेगा। जिन किसानों के पास सिंचाई के लिए सीमित जल उपलब्ध है,उन्हें परंपरागत सिंचाई पद्धति के स्थान पर ड्रिप एवं स्प्रिंकलर जैसी सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

## भोपाल दुष्कर्म मामले के विरोध में नीमच में एबीवीपी का प्रदर्शन, एनएसयूआई का पुतला फूंका

**नीमच।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में एनएसयूआई के एक वरिष्ठ कार्यकर्ता पर छात्रा से दुष्कर्म के आरोप के बाद प्रदेशभर में विरोध का दौर जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को नीमच में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए एनएसयूआई का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने आरोपित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए छात्राओं की सुरक्षा को लेकर सरकार और प्रशासन से सख्त कदम उठाने की अपील की ।एबीवीपी कार्यकर्ता भारत माता चौराहा पर एकत्रित हुए, जहां से रैली के रूप में विजय टॉकीज चौराहा, गांधी भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय तक पहुंचे। यहां विरोध प्रदर्शन करने के बाद कार्यकर्ता पुन: विजय टॉकीज चौराहे पर लौटे और एनएसयूआई का पुतला दहन कर अपना आक्रोश जताया। प्रदर्शन के दौरान संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए आरोपित को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की ।जिला छात्रा प्रमुख अश्विनी बैरागी ने कहा कि भोपाल में एनएसयूआई के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुभाष यादव ने संगठन में साथ काम करने वाली एक छात्रा को कार्यालय बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म जैसी गंभीर वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## एक नजर — यात्रियों को मिलेगी 24 घंटे सेवा

### नीमच रेलवे स्टेशन पर बड़ा बदलाव : 20 जुलाई से निजी एजेंसी संभालेगी पूछताछ केंद्र

**यात्रियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं**

नई व्यवस्था लागू होने के बाद यात्रियों को ट्रेनों की स्थिति, आगमन-प्रस्थान, प्लेटफॉर्म संबंधी जानकारी, कोच पोजिशन और अन्य आवश्यक सूचनाएं पहले की तुलना में अधिक व्यवस्थित तरीके से उपलब्ध कराई जाएंगी। रेलवे का मानना है कि निजी एजेंसी के माध्यम से सेवा की गुणवत्ता और जवाबदेही दोनों में सुधार होगा।

**नीमच।** रेलवे यात्रियों को बेहतर और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। आगामी 20 जुलाई से नीमच रेलवे स्टेशन के पूछताछ केंद्र का संचालन निजी एजेंसी द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही रतलाम मंडल पश्चिम रेलवे का पहला मंडल बन जाएगा जहां पूछताछ केंद्रों की व्यवस्था आउटसोर्सिंग मॉडल पर संचालित होगी। रेलवे प्रशासन ने इस कार्य की जिम्मेदारी हैदराबाद स्थित मेगा कंस्ट्रक्शन कंपनी को सौंपी है। निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद एजेंसी को कार्यादेश जारी कर दिया गया है। नई व्यवस्था के तहत रतलाम मंडल के नीमच, रतलाम, इंदौर, उज्जैन, दाहोद, चित्तौड़गढ़, देवास, नागदा और डॉ. अंबेडकर नगर सहित 9 प्रमुख रेलवे स्टेशनों के कुल 10 पूछताछ काउंटर निजी एजेंसी संचालित करेगी। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को अधिक प्रभावी, त्वरित और 24 घंटे उपलब्ध रहने वाली पूछताछ सेवा प्रदान करना है। वर्तमान में पूछताछ केंद्रों पर कार्यरत 37 रेलवे कर्मचारियों को उनकी मूल जिम्मेदारियों में लगाया जाएगा, जिससे रेलवे की अन्य सेवाओं और संचालन व्यवस्था में भी सुधार होने की उम्मीद है।

**रेलवे देगा विशेष प्रशिक्षण:** रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि निजी एजेंसी द्वारा लगभग 40 प्रशिक्षित कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी। इन कर्मचारियों को रेलवे की कार्यप्रणाली, यात्री सुविधाओं और तकनीकी व्यवस्थाओं का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षित कर्मचारी यात्रियों को ट्रेन और स्टेशन संबंधी जानकारी देने के साथ-साथ कोच गाइडेंस, इंडिकेटर बोर्ड संचालन, स्वचालित एवं मैनुअल उद्घोषणाएं (अनाउंसमेंट), दिव्यांग यात्रियों और वरिष्ठ नागरिकों की सहायता जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां भी निभाएंगे।